दिन 14	सत्र 1-3	पूर्वा. 9.30 - अप. 1.15 बजे	बाल्यावस्था के आम रोगों का पता लगाने उनके वर्गीकरण और उपचार के लिए समुदाय का दौरा	● खांसी और जुकाम, दस्त, अल्पपोषण, बुखार तथा अन्य आम रोगों का पता लगाने, उनके वर्गीकरण और उपचार हेतु समुदाय का दौरा ● पाठ्यक्रम निदेशक दौरे के लिए अन्य संकाय सदस्यों की मदद ले सकते हैं । - पाठ्यक्रम निदेशक को आंगनवाड़ी केन्द्र के दौरे के प्रबंध पहले से करने होंगे । - प्रत्येक सहभागी बाल्यावस्था के आम रोगों का पता लगाने, उनकी वर्गीकरण और उपचार के लिए कम से कम 4-5 बच्चों की जांच का कार्य सौंपना - प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षार्थियों की सुपरविज़न करना और उसी समय मार्गदर्शन देना ।
दिन 14	सत्र 4	अप. 2.15 - 5.30 बजे	पोषण संबंधी परामर्श	● सामुदायिक दौरे की प्रतिप्राप्ति (किसी एक सहभागी की रिपोर्ट द्वारा) ● पोषण संबंधी परामर्श - 'किसी बीमार बच्चे की मां से कैसे बात की जाए' इस संबंध में पुनरीक्षा - बीमार बच्चे को दिए जाने वाले भोजन के लिए अच्छी सम्प्रेषण कुशलताओं का इस्तेमाल करते हुए माता को परामर्श देने पर प्रशिक्षकों द्वारा भूमिका अभिनय - दस्त से पीड़ित बच्चे की माता को अच्छी सम्प्रेषण कुशलताओं के इस्तेमाल से

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
				परामर्श देने पर सहभागियों द्वारा भूमिका अभिनय ● 'कब तुरंत लाया जाना चाहिए' इस पर सलाह ● 'अनुवर्ती देखभाल' पर सलाह ● अभ्यास

दिन 15

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
दिन 15		पूर्वा. 9.00-9.30 बजे		दिन 14 की पुनरीक्षा
दिन 15	सत्र 1 और 3	पूर्वा. 9.30- अप. 1.15 बजे	निर्धारण, वर्गीकरण, उपचार, घरेलू देखभाल और सलाह के लिए समुदाय का दौरा	● निर्धारण, वर्गीकरण, उपचार, घरेलू देखभाल और सलाह परामर्श के लिए समुदाय का दौरा ● प्रत्येक प्रशिक्षार्थी 4-5 बच्चों की जांच करें तथा माता को उपचार/घरेलू देखभाल की सलाह दें - प्रशिक्षक सुपरविज़न करें तथा उसी समय मार्गदर्शन दें
दिन 15	सत्र 4	अप. 2.15-3.15 बजे	आई एम एन सी आई घटक की पुनरीक्षा, प्रवर्तन और प्रतिप्राप्ति	● सामुदायिक दौरे की प्रतिप्राप्ति (किसी सहभागी की रिपोर्ट) ● बाल्यावस्था के आम रोगों का पता लगाने, उनके वर्गीकरण, और उपचार ● सहभागियों द्वारा भूमिका अभिनय - सहभागियों को चार समूहों में विभाजित करें । - प्रत्येक समूह बीमार बच्चे के उपचार पर भूमिका अभिनय करेगा । - बाल्यावस्था के रोगों के समेकित इलाज में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका - आई एम एन सी आई घटक की प्रतिप्राप्ति
दिन 15	सत्र 5	अप. 3.15-4.30 बजे	व्यक्तिगत स्वच्छता और	● व्यक्तिगत स्वच्छता की जरूरत एवं महत्व ● पीने का सुरक्षित पानी - महत्व और जरूरत

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
			सुरक्षित पीने का पानी	- दूषित पानी के कारण होने वाले संक्रमण और बीमारियां - आंगनवाड़ी में/घर में पानी को पीने के लिए सुरक्षित बनाने के तरीके - आंगनवाड़ी केन्द्र में नलकूप/हैंडपम्प/नलों के लिए खंड विकास अधिकारी के साथ संपर्क
दिन 15	सत्र 6	अप. 4.30 - 5.30 बजे	पोषण एवं स्वास्थ्य घटक की प्रतिप्राप्ति	● प्रश्नोत्तरी और ब्रेनस्टारमिंग द्वारा प्रतिप्राप्ति ● सीखने संबंधी कमियों को दूर करना

च. सम्प्रेषण, समर्थन और सामुदायिक भागीदारी (3 दिन)

दिन 16

दिन 16	सत्र 1	पूर्वा. 9.00 - 10.30 बजे	आई सी डी एस में सामुदायिक भागीदारी की जरूरत, महत्व और गुंजाइश	● सामुदायिक भागीदारी, संघटन और संगठन की परिभाषा ● आई सी डी एस में सामुदायिक भागीदारी : उपयुक्तता और महत्व ● समुदाय, स्थानीय रीति रिवाजों, परम्पराओं और प्रथाओं तथा सांस्कृतिक मूल्यों आदि को जानने का महत्व ● समुदाय आई सी डी एस कार्यक्रम में कैसे भाग ले सकता है ? ● आई सी डी एस में सामुदायिक भागीदारी के क्षेत्र ● आई सी डी एस में सामुदायिक भागीदारी के निर्धारण के सूचक - आई सी डी एस के अन्तर्गत सेवाओं की उपयोगिता - समुदाय द्वारा योगदान - भोजन सामग्री, उपस्कर, स्थान आदि - सेवाओं के प्रदाय के लिए तैयारी/सहायता - सेवाओं की मानीटरिंग, प्रदाय और उपयोगिता

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
				- प्रभावी समूहों के रूप में कार्य करना - आई सी डी एस के लिए समर्थन
दिन 16	सत्र 2	पूर्वा. 10.30 - 11.45 बजे	अपने समुदाय को कैसे जानें	● समुदाय के साथ संपर्क क्यों और कैसे बनाएं - समुदाय के साथ निरन्तर संपर्क बनाए रखना - स्थानीय रीति रिवाजों, धारणाओं और सांस्कृतिक मूल्यों की जानकारी ● समुदाय की जानकारी, दृष्टिकोण और प्रथाओं का जानना ● समुदाय की मदद से समस्याओं को समझना और उनके हल ढूंढना ● सामुदायिक भागीदारी पर फिल्म तथा उसके बाद विचार विमर्श
दिन 16	सत्र 3	पूर्वा. 11.15 - अप. 1.15 बजे	आई सी डी एस कार्यक्रम में समुदाय की भूमिका	● आई सी डी एस कार्यक्रम की योजना बनाने, कार्यान्वयन और मानीटरिंग में निम्नलिखित की भूमिका - माताओं का समूह - महिला मंडल - पंचायत प्रधान - धार्मिक नेता - युवा समूह, किशोरियां - प्राथमिक स्कूल के अध्यापक - परंपरागत दाई - गैर सरकारी संगठन
दिन 16	सत्र 4	अप. 2.15 - 3.45 बजे	आई सी डी एस परियोजना के कार्यान्वयन में	● भारत में पंचायती राज पर जानकारी ● पंचायती राज अधिनियम और 73 वां संवैधानिक संशोधन ● त्रिपक्षीय पंचायती राज प्रणाली : ढांचा, कार्य और ग्राम सभा, ग्राम पंचायत और

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
			पंचायतों की भूमिका	न्याय पंचायत (ग्राम स्तर के पदाधिकारी) ग्राम सभा - ग्राम पंचायत की वार्षिक रिपोर्ट और बजट ग्राम पंचायत - स्वच्छता : सफाई व्यवस्था : पानी की आपूर्ति : सड़कों, पुलों व नालों का निर्माण और रखरखाव, अस्पतालों और डिस्पेंसरियों की स्थापना व रखरखाव : कृषि , कोआपरेशन कुटीर उद्योगों आदि को बढ़ावा ; बाजारों, कांजी हाउसों का रखरखाव; ग्राम योजनाएं तैयार करना; तथा उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे गए कार्यों के लिए 'संस्था' का पता लगाना और कुछ नियमित कार्य । पंचायत समिति (खंड स्तर) - कृषि, पशुपालन, सिंचाई, कोआपरेशन, कुटीर उद्योग, शिक्षा तथा सामाजिक शिक्षा, जन स्वास्थ्य और ग्रामीण स्वच्छता, अन्त:ग्राम सम्प्रेषण और समाज कल्याण; जिला परिषद तथा राज्य सरकार द्वारा सौंपे गए कार्यों से संबंधित विकास कार्यक्रमों की योजना बनाना और उसका कार्यान्वयन जिला परिषद (जिला स्तर) - सरकार को विकास योजनाओं पर सलाह देना, बाज़ारों, सड़कों आदि का वर्गीकरण; समितिओं के कार्यों के लिए सलाह देना, इन्हें सुपरवाइज और समन्वित करना तथा समिति के बजट को अनुमोदन देना । • आई सी डी एस कार्यक्रम की मानीटरिंग में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका • आई सी डी एस कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाने में पंचायत के सदस्यों के साथ संपर्क स्थापित करने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका ।
दिन 16	सत्र 5	अप. 3.45–5.30 बजे	किसी आई सी डी एस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए समुदाय को	• आई सी डी एस योजना की शुरूआत के लिए समुदाय को तैयार करना - आंगनवाड़ी केन्द्र स्थापित करने से पहले ग्रामीण नेताओं से मिलना - आई सी डी एस योजना, इसके उद्देश्यों और सेवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
			तैयार करना ।	- समुदाय में आई सी डी एस की सही छवि दिखाना - लोगों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना - आई सी डी एस के कार्यान्वयन के बारे में निर्णय लेने की प्रक्रिया में शुरू से ही लोगों को शामिल करना, जैसे कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम स्तरीय समन्वय समिति के लिए प्रतिनिधियों का चयन करना, सामग्री/जनशक्ति की उपलब्धता, लाभार्थियों को प्रेरित करना तथा सेवाएं प्रदान करना आदि । ● दिनांक 26 अक्तूबर, 1993 का भारत सरकार का परिपत्र संख्या 1-7-93-सीडी-1

दिन 17

दिन 17	सत्र 1	पूर्वा. 9.15-10.30 बजे	समुदाय में महिला मंडलों का गठन करना	● महिला मंडल क्या है ? ● महिला मंडल के लक्ष्य और उद्देश्य ● आई सी डी एस में महिला मंडलों की जरूरत ● महिला मंडल के गठन और इसे सक्रिय बनाने के चरण - गृह दौरे/छोटे समूहों में आयोजित बैठकों में महिला मंडल के गठन के बारे में महिलाओं से बातचीत करना - समुदाय की महिलाओं की बैठक बुलाना और कार्यकारिणी के सदस्यों का चयन करना - आई सी डी एस को सुदृढ़ बनाने में महिला मंडलों की भूमिका और समूह को उपलब्ध कराई गई सुविधाओं पर विचार विमर्श करना - महिला मंडल का पंजीकरण ● महिला मंडलों को बढ़ावा देने और इन्हें सुदृढ़ बनाने के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी परिपत्र और अनुदेश

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
दिन 17	सत्र 2	पूर्वा. 10.30-11.45 बजे	ग्राम स्तरीय समन्वय समिति का गठन करना	• ग्राम स्तरीय समन्वय समिति की जरूरत और इसका महत्व • ग्राम स्तरीय समन्वय समिति का गठन/इसके सदस्यों का चयन और ग्राम स्तरीय समन्वय समिति के कार्य • ग्राम स्तरीय समन्वय समिति की बैठक के आयोजन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सहायता करने में सुपरवाइजर की भूमिका कक्षा का कार्य: ग्राम स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन (अभिनय सत्र) • सहभागियों को दो समूहों में बांटना • प्रत्येक समूह को निम्नलिखित कार्य सौंपना : 1. ग्राम स्तरीय समन्वय समिति की बैठक के लिए स्थान और तारीख निश्चित करने समेत इस बैठक के आयोजन की योजना बनाना 2. बैठक के उद्देश्यों और बैठक के दौरान विचार-विमर्श किए जाने वाले मुद्दों की सूची बनाना (प्रशिक्षार्थी विचार-विमर्श के लिए अपनी पसन्द का विषय चुन सकते हैं) 3. विचार-विमर्श किए जाने वाले मुद्दों के लिए मुख्य बिन्दु तैयार करना • ग्राम स्तरीय समन्वय समिति के आयोजन का अभिनय सत्र आयोजित करें • प्रशिक्षक अभिनय सत्र के लिए निर्देश देंगे और प्रशिक्षार्थियों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण पर विचार विमर्श करेंगे ।
दिन 17	सत्र 3	पूर्वा. 11.45 - 1.15 बजे	समुदाय में सर्वेक्षण करना	• समुदाय में सर्वेक्षण आयोजित करने की जरूरत और इसका महत्व • सर्वेक्षण आयोजित करने के चरण - लोगों से संपर्क करना - संपर्क बनाना

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
				- सूचना प्राप्त करना - बातचीत करने और परिवार के मुखिया का साक्षत्कार लेने के लिए आवश्यक कुशलताएं - सर्वेक्षण प्रपत्र में सूचना दर्ज करना - सेवाओं के लिए लाभार्थियों की पहचान करने के लिए लाभार्थियों की सूचना की व्याख्या करना - सेवाएं प्रदान करने में कमियां ● सर्वेक्षण रजिस्टर बनाना ● सर्वेक्षण प्रपत्र में सूचना दर्ज करते समय याद रखने योग्य बातें ● सर्वेक्षण रजिस्टर का मासिक सारांश तैयार करना ● हर तीन महीने में सर्वेक्षण रजिस्टर अद्यतन करना ● बाल विकास परियोजना अधिकारी को परियोजना रिपोर्ट/मासिक प्रगति रिपोर्ट/वार्षिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करने हेतु सर्वेक्षण संबंधी सूचना सूचित करना और उपलब्ध कराना कक्षा का कार्य: सर्वेक्षण प्रपत्र भरना - प्रशिक्षक प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को कम से कम 2-3 सर्वेक्षण प्रपत्र उपलब्ध कराएं - प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को कम से कम 2-3 सर्वेक्षण प्रपत्र भरने होंगे - सर्वेक्षण प्रपत्र भरने के लिए काल्पनिक आंकड़ों का इस्तेमाल किया जा सकता है । - प्रशिक्षार्थियों को सूचना एकत्रित करके सर्वेक्षण सार तैयार करना होगा - प्रशिक्षक प्रत्येक श्रेणी के लाभार्थियों की संख्या और इन्हें दी जाने वाली सेवाओं पर विचार विमर्श करेंगे प्रशिक्षक सर्वेक्षण के दौरान परिवार के मुखिया का साक्षात्कार करने के लिए आवश्यक कुशलताओं पर भूमिका अभिनय करेंगे ।

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
दिन 17	सत्र 4 और 5	अप. 2.15 - 4.15 बजे	समुदाय को जुटाने और सामुदायिक भागीदारी प्राप्त करने की तकनीकें	• सामुदायिक भागीदारी प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित के आयोजन तकनीकों और कुशलताओं का वर्णन करना - माताओं की बैठकें और सामुदायिक बैठकें - निदर्शन - भूमिका अभिनय - संकेन्द्रित सामूहिक विचार विमर्श - गृह दौरे - नुक्कड़ नाटक/कठपुतली का खेल - पी एल ए तकनीकें - सामुदायिक जरूरतों, समस्याओं और संसाधनों के निर्धारण के लिए पी एल ए तकनीकों का इस्तेमाल कक्षा का कार्य: समुदाय को जुटाने की तकनीकों पर प्रशिक्षार्थियों द्वारा अभिनय सत्र - सहभागियों को चार समूहों में बांटें और निम्नलिखित तकनीकों का अभ्यास करें: समूह 1 : पी एल ए तकनीकें - आई सी डी एस सेवाओं/बच्चों में बाल्यावस्था के सामान्य रोगों की पहचान और रोकथाम के लिए चपाती रेखाचित्र/मौसम संबंधी रेखाचित्र समूह 2 : आई सी डी एस के अंतर्गत सेवाओं के इस्तेमाल के लिए सामुदायिक बैठक समूह 3 : आई सी डी एस कार्यक्रम और सेवाओं के बारे जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक समूह 4 : बच्चों (तीन वर्ष से कम आयु) में कुपोषण की रोकथाम पर संकेन्द्रित सामूहिक विचार-विमर्श • गृह दौरों पर फिल्म और उसके बाद विचार-विमर्श

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
दिन 17	सत्र 6	अप. 4.15-5.30 बजे	आई सी डी एस के लिए समुदाय आधारित मॉनीटरिंग	• खंड, जिला और ग्राम स्तर पर समुदाय आधारित मॉनीटरिंग – समुदाय आधारित मॉनीटरिंग की जरूरत, इसका महत्व और तकनीकें • आई सी डी एस की समुदाय आधारित मॉनीटरिंग के लिए भारत सरकार के अनुदेश (सं:12-11/93-सीडी-1 दिनांक 20 जनवरी, 1994) • ग्राम स्तर पर आई सी डी एस की मॉनीटरिंग के क्षेत्र – आंगनवाड़ी केन्द्र का नियमित संचालन – पूरक आहार का वितरण – बच्चों की वृद्धि की मॉनीटरिंग – बच्चों तथा भावी और धात्री माताओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच – टीकाकरण – बच्चों के लिए रेफरल सेवाएं और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/अस्पताल में समय पर उनका इलाज – आंगनवाड़ी केन्द्र में शालापूर्व शिक्षा के लिए प्रवेश – आंगनवाड़ी केन्द्र में शालापूर्व शिक्षा सामग्री की उपलब्धता – पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा सत्र आयोजित करना और उनमें महिलाओं की भागीदारी – आई सी डी एस में समुदाय को शामिल करना

दिन 18

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
दिन 18	सत्र 1	पूर्वा. 9.00 -10.15 बजे	आई सी डी एस कार्यक्रम में सूचना, शिक्षा और संप्रेषण तथा सामाजिक विपणन	• आई सी डी एस कार्यक्रम में सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण की अवधारणा और जरूरत • आई सी डी एस कार्यक्रम में सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण संबंधी अनुदेश और मार्गदर्शी सिद्धान्त - प्रावधान और कार्रवाई के मुद्दे • आई सी डी एस की संप्रेषण रणनीति और कार्रवाई संबंधी मुद्दे तैयार करने के लिए मार्गदर्शी सिद्धान्त

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
			की जरूरत	• आई सी डी एस में सामाजिक विपणन की अवधारणा, जरूरत, सिद्धान्त तथा गुंजाइश
दिन 18	सत्र 2	पूर्वा. 10.15 - 12.00 बजे	संप्रेषण प्रक्रिया	• संप्रेषण - परिभाषा, प्रक्रिया, कार्य और अवरोध • समुदाय में इस्तेमाल के लिए संप्रेषण के चैनल, माध्यम और तकनीकें • संप्रेषण चैनलों और तकनीकों के फायदे और इनकी सीमाएं • मिश्रित माध्यम के उपाय के फायदे
दिन 18	सत्र 3	दोपहर 12.00-1.15 बजे	आई सी डी एस कार्यक्रम में लोक तथा परंपरागत मीडिया और नुक्कड़ नाटकों का इस्तेमाल	• लोक और परंपरागत मीडिया के इस्तेमाल की जरूरत और इसका महत्व • राज्य/जिले में इस्तेमाल किए गए लोक माध्यम के प्रकार पर विचार - विमर्श करना • क्षेत्र विशेष के लोक गीतों/नाटकों पर विचार-विमर्श करना • सामाजिक मुद्दों पर नाटक/नुक्कड़ नाटक के फायदे - नाटक/नुक्कड़ नाटक आयोजित करने की तकनीकें - नुक्कड़ नाटक/नाटक की योजना बनाते समय ध्यान रखने योग्य बातें ।
दिन 18	सत्र 4	अप. 2.15-3.45 बजे	आई सी डी एस में अन्त: वैयक्तिक तथा सामूहिक संप्रेषण का इस्तेमाल	• आई सी डी एस में अन्त: वैयक्तिक और सामूहिक संप्रेषण की जरूरत, इसका महत्व और गुंजाइश • अन्त: वैयक्तिक और सामूहिक संप्रेषण के लिए आवश्यक तकनीकें और कुशलताएं कक्षा का कार्य: समुदाय में अन्त: वैयक्तिक और संप्रेषण तकनीकें इस्तेमाल करना • अपेक्षित कुशलताओं का प्रदर्शन करने के लिए भूमिका अभिनय हेतु सहभागियों को दो समूहों में बांटे • प्रत्येक समूह बच्चे से संबंधित किसी भी विषय पर अन्त: वैयक्तिक और सामूहिक संप्रेषण तकनीक का इस्तेमाल करते हुए भूमिका अभिनय करेगा ।
दिन 18	सत्र 5	अप. 3.45-5.30 बजे	व्यवहार संबंधी	• विकास संप्रेषण की अवधारणा और इसका अर्थ

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
			बदलाव के लिए संप्रेषण	• बच्चों की विकास संबंधी जरूरतों और संप्रेषण संबंधी जरूरतों के बीच अन्तर • किसी समुदाय में व्यवहार संबंधी बदलाव (जानकारी, रवैये और प्रथाओं में) लाने में संप्रेषण की भूमिका • किसी समुदाय में व्यवहार संबंधी बदलाव लाने के चरण और अवस्थाएं क) समस्याओं की पहचान करना ख) जानकारी प्राप्त करना संदेश, अनुकूल प्रथाएं दोहराना - मतलब समझना - कार्यक्रमों/सेवाओं के नाम बता सकना - उपर्युक्त प्रथाओं को परिभाषित कर सकना ग) परिवर्तित प्रथाओं का अनुमोदन - संदेशों और उपयुक्त प्रथाओं पर अनुकूल प्रतिक्रिया दिखाना - व्यक्तिगत नेटवर्क - परिवार, मित्रों आदि के बीच विचार विमर्श - कार्यक्रमों और प्रथाओं को स्वीकार और अनुमोदित करना - चालू प्रथाओं को औचित्य बताना - आशय/निर्णय - इससे परिवार की जरूरतों का पता लगाना - सेवा प्रदान करने वाले से परामर्श लेना और उस पर अमल करना घ) अभ्यास/कार्यान्वयन - सेवाएं लेना और अभ्यास करना - बाधाओं पर काबू पा लेने पर व्यवहार में बदलाव लाना ड.) समर्थन और पुष्टि - दूसरों के साथ अनुभव बांटना - परिवर्तित व्यवहार को बनाए रखना

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु

छ संगठन एवं प्रबंधन (4 दिन)

दिन 19

दिन 19	सत्र 1-3	पूर्वा. 9.15 - 1.15 बजे	बच्चों और महिलाओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों के लिए समुदाय में इस्तेमाल करने हेतु सामाजिक संदेश और सम्प्रेषण सामग्री तैयार करना	● सामाजिक संदेश तैयार करना - बच्चों एवं महिलाओं/आईसीडीएस के सामाजिक मुद्दों की पहचान करना और प्राथमिकता निर्धारित करना - पता लगाए गए मुद्दों से संबंधित मौजूदा दृष्टिकोण, धारणाओं, और प्रथाओं पर विचार विमर्श करना - बाल उत्तरजीविता और विकास के महत्वपूर्ण संदेशों पर विचार विमर्श करना (फैक्ट्स आफ लाइफ-यूनिसेफ के प्रकाशन का संदर्भ लें) ● समुदाय में इस्तेमाल करने के लिए संम्प्रेषण सामग्री - इश्तिहार, चार्ट, पुस्तिकाएं/पर्चे, फ्लिप बुक्स, फलालेन ग्राफ, फ्लैश कार्ड, बैनर, बिल्ले, कठपुतलियां आदि जैसी सम्प्रेषण सामग्री तैयार करते हुए याद रखने योग्य बातों पर विचार विमर्श करना । ● कक्षा का कार्य : - 19 वें दिन के पहले सत्र में कक्षा को सामाजिक संदेश और सम्प्रेषण सामग्री तैयार करने के लिए चार समूहों में बांटें । क) प्रत्येक समूह बाल उत्तरजीविता और विकास पर सामाजिक संदेश पर छोटी पुस्तिका तैयार करेगा । ख) प्रत्येक समूह अपनी पंसद के विषय पर निम्नलिखित सम्प्रेषण सामग्री तैयार करेगा: समूह 1 : पोस्टर, पर्चे, नुक्कड़ नाटक के लिए आलेख और समर्थन सामग्री (बैनर, बिल्ले और टोपियां आदि) समूह 2 : पोस्टर, फलालेन ग्राफ, नुक्कड़ नाटक के लिए आलेख और समर्थन सामग्री

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
				(दीवार पर लिखने के लिए स्लोगन; बिल्ले और हैंडआउट आदि) समूह 3 : पोस्टर, फ्लिप बुक, नुक्कड़ नाटक के लिए आलेख और समर्थन सामग्री (पुस्तिकाएं, गीत, स्लोगन आदि) समूह 4 : पोस्टर, फ्लैश कार्ड, नुक्कड़ नाटक के लिए आलेख और समर्थन सामग्री (बैनर, पुस्तिकाएं और टोपियां आदि) ● प्रत्येक समूह को उपर्युक्त सम्प्रेषण सामग्री तैयार करने के लिए अपेक्षित सामान की सूची देना ● प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षार्थियों को चार्टों, रंगों, ब्रुशों, स्केच पैन, पुरानी पत्रिकाओं और गोंद आदि जैसी सामग्री उपलब्ध कराना । ● संप्रेषण सामग्री के प्रस्तुतिकरण और प्रदर्शन के बाद विचार विमर्श कक्षा का कार्य : बाल उत्तरजीविता एवं विकास पर सामाजिक संदेश तैयार करना- 18 वें दिन के सत्र 5 में किए गए चयन के अनुसार प्रशिक्षार्थियों को चार समूहों में कार्य करना - प्रत्येक समूह 18 वें दिन के सत्र 5 में किए गए उल्लेख के अनुसार पुस्तिका और सम्प्रेषण सामग्री तैयार करेगा ।
दिन 19	सत्र 4 और 5	अप. 2.15 - 5.00 बजे	बाल मेलों, प्रदर्शनियों तथा समर्थन अभियानों की योजना बनाना और आयोजन करना	● समुदाय में बाल मेले और प्रदर्शनियां आयोजित करने की जरूरत और महत्व ● बाल मेले और प्रदर्शनियां आयोजित करते समय याद रखने योग्य बातें ● समर्थन: परिभाषा और जरूरत ● समर्थन अभियान की योजना बनाने के चरण - विषय का पता लगाना और उसकी संरचना - क्षेत्र, लक्ष्य, सेवाग्राहियों और उपलब्ध संसाधनों के बारे में आधारभूत सूचना एकत्रित करना - सम्बद्ध लोगों को जुटाना - नैटवर्किंग, सम्पर्क तथा संबंध - कार्यान्वयन की योजना तैयार करना - मुद्दे के संबंध में पूरी संगत सूचना एकत्र करना

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
				- मुख्य कार्यकर्ताओं का पता लगाना - मीडिया प्लान बनाना (कौन, क्या, कब, कहां, किसको, कैसे आदि) - सम्प्रेषण सामग्री तथा सहायक सामग्री तैयार करना - मीडिया प्लान को कार्यान्वित करना - प्रतिप्राप्ति और प्रवर्तन ● कक्षा का कार्य : आई सी डी एस समर्थन अभियान के लिए कार्य योजना - सहभागियों को सामाजिक संदेशों तथा सामग्री के साथ साथ समर्थन अभियान की कार्य योजना तैयार करने के लिए दो समूहों में बांटना - प्रशिक्षकों द्वारा पृष्ठभूमि सामग्री उपलब्ध कराना - कक्षा में समर्थन अभियान के अभिनय सत्र की योजना बनाना
दिन 19	सत्र 6	अप. 5.00 - 5.30 बजे	संप्रेषण, समर्थन और सामुदायिक भागीदारी की प्रतिप्राप्ति	● प्रश्नोत्तरी/ब्रेनस्टारमिंग द्वारा प्रतिप्राप्ति ● सीखने संबंधी कमियों को दूर करना ।

ज. आंगनवाड़ी का प्रबंधन (2 दिन)

दिन 20

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
दिन 20	सत्र 1	पूर्वा. 9.00 -10.30 बजे	आपूर्ति, सामग्री तथा उपस्कर सहित आंगनवाड़ी केन्द्र का प्रबंधन	● प्रबंधन : परिभाषा और उद्देश्य ● आपूर्ति, पूरक आहार, दवाओं, उपस्कर आदि की अधिप्राप्ति का तरीका ● समुदाय के लिए आहार, दवाओं के वितरण की व्यवस्था करना ● आंगनवाड़ी केन्द्र में गैर-उपभोज्य/उपभोग योग्य वस्तुओं के स्टाक रजिस्टर का रखरखाव - स्टाक रजिस्टर में प्रविष्टियां करना तथा की गई प्रविष्टियों की जांच करना - आंगनवाड़ी के प्रबंधन और इसे चलाने में महसूस की गई समस्याओं पर प्रशिक्षक

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
				के साथ विचार विमर्श करना ● कक्षा का कार्य : उपस्कर और आपूर्ति के स्टाक रजिस्टरों का रखरखाव - प्रशिक्षक सभी प्रशिक्षार्थियों को व्यावहारिक अभ्यास के लिए स्टाक रजिस्टर का एक पृष्ठ देंगे । - सभी प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षक द्वारा दिए गए स्टाक रजिस्टर के पृष्ठ में प्रविष्टियां करेंगे ● प्रशिक्षक कक्षा में 3-4 कार्यों पर विचार-विमर्श करेंगे और शेष की जांच करेंगे ।
दिन 20	सत्र 2	पूर्वा. 10.30 - 11.45 बजे	बैठकों की योजना बनाना तथा उनका आयोजन करना	● बैठकों की योजना बनाने और आयोजन के चरण योजना बनाना - बैठक के मुद्दे और उद्देश्य का पता लगाना - बैठक की कार्यसूची तैयार करना - सुगमकर्ता और लक्षित लोगों का पता लगाना - स्थान, समय और अवधि का फैसला करना - सामग्री, सहायक सामग्री और संदेशों का चयन - अगर जरूरी हो तो, प्रभावशाली व्यक्ति/नेता को आंमत्रित करना - लोगों/माताओं को बैठक की सूचना देना - बैठक के लिए बैठने और अन्य व्यवस्थाओं का सुनिश्चय करना - निदर्शन/फिल्मों/भूमिका अभिनय अगर है तो उसका प्रबंध आयोजन - कार्य सूची के अनुसार बैठक का आयोजन - समूह को संबोधित करना और विचार विमर्श के विषयों की जानकारी देना - श्रोताओं को विचार विमर्श में शामिल करना - लोगों को सुनना और उनके प्रश्नों के जवाब देना - बैठक के कार्यवृत्त रिकार्ड करना अनुवर्तन - प्रतिप्राप्ति और अनुवर्तन - कार्यक्रम में सुधार के लिए भावी कार्ययोजना

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
				• आई सी डी एस कार्यक्रम से संबंधित आयोजित की जाने वाली बैठकों का स्वरूप - माताओं की बैठक, समुदाय की बैठक • कक्षा का कार्य: मासिक बैठकें/ग्राम स्तरीय समन्वय समिति की बैठकें आयोजित करने पर सहभागियों द्वारा अन्तिम सत्र - निम्नलिखित पर अभिनय सत्र आयोजित करने के लिए सहभागियों को दो समूहों में बांटा जाएगा : समूह 1 : मासिक बैठक आयोजित करना समूह 2 : ग्राम स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन करना - सहभागियों द्वारा प्रस्तुतिकरण के बाद विचार विमर्श
दिन 20	सत्र 3	दोपहर 12.00-1.15 बजे	आंगनवाड़ी केन्द्र चलाने में आने वाली समस्याओं का प्रबंधन	• आंगनवाड़ी चलाने में सामने आने वाली समस्याओं के प्रबंधन पर प्रशिक्षार्थियों से विचार विमर्श करना कक्षा का कार्य: आंगनवाड़ी केन्द्र चलाने में आने वाली समस्याओं की सूची बनाना - सहभागियों को चार समूहों में बांटें - सहभागी संभावित समस्याओं की सूची बनांएगे और अनुभवों के आदान-प्रदान के जरिए उनका समाधान ढूंढेगे • प्रत्येक समूह द्वारा प्रस्तुतिकरण के बाद विचार विमर्श
दिन 20	सत्र 4	अप. 2.15-3.45 बजे	अन्य कार्यकर्ताओं और समुदाय के नेताओं से अन्त: वैयक्तिक संबंध	• अन्त: वैयक्तिक संबंध बनाने का महत्व • स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और समुदाय के नेताओं से बातचीत करना • स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और समुदाय के नेताओं से अच्छे अन्त: वैयक्तिक संबंध रखना - उन्हें जानना - समस्याएं बांटना और समाधान ढूंढना - सुविधाएं देना और सेवाओं के कारगर कार्यान्वयन के लिए सहायता मांगना

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
				- परामर्श और मार्गदर्शन - घनिष्ठ संपर्क बनाने के लिए अभ्यास
दिन 20	सत्र 5	अप. 3.45-5.30 बजे	सुपरवाइजरों, सहायक बाल विकास परियोजना अधिकारियों/बाल विकास परियोजना अधिकारियों/स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से पत्राचार	● पत्र लिखने की कुशलताएं ● भेजे गए पत्रों और प्रापत पत्रों की फाइल बनाना कक्षा का कार्य : सरकारी और अर्द्ध सरकारी पत्र का मसौदा बनाना - सभी प्रशिक्षार्थी महिला मंडल की बैठक के आयोजन के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी/सुपरवाइज़र को भेजे जाने वाले सरकारी पत्र का मसौदा तैयार करेंगे - उपर्युक्त के लिए एक फाइल खोलें - प्रशिक्षक कक्षा के कार्य की जांच करेंगे ।

दिन 21

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
दिन 21	सत्र 1	पूर्वा 9.15-11.00 बजे	स्व विकास और स्व मूल्याकंन	● जरूरत और महत्व ● अपने आप में सुधार लाने के तरीके ● स्वं मूल्यांकन प्रपत्रों पर विचार विमर्श करना
दिन 21	सत्र 2 और 3	पूर्वा. 11.00 - 1.15 बजे	मासिक प्रगति रिपोर्टें और त्रैमासिक प्रगति रिपोर्टें भरना और आगन्तुक पुस्तिका तथा दैनिक	- आई सी डी एस में प्रबंध सूचना प्रणाली (एमआईएस) क्या है? इसका महत्व और बुनियादी ढांचा - आंकड़े भरना - आंकड़ों का सत्यापन करना और उनमें सुधार लाना - मासिक प्रगति रिपोर्ट/त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट/वार्षिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करना - सही और समयपूर्वक रिपोर्टें तैयार करने की जरूरत

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
			डायरी बनाना	- आई सी डी एस में रिपोर्टे भरने - मासिक प्रगति रिपोर्टे और त्रैमासिक प्रोफार्मे भरने के तरीके पर विचार विमर्श करना - मासिक प्रगति रिपोर्ट के विभिन्न कालमों में भरी जाने वाली ऐसी सूचना जो रजिस्टरों में से ली जाती है । • समय व्यवस्थित करना ताकि मासिक प्रगति रिपोर्ट समय पर भर कर सुपरवाइजरों को प्रस्तुत की जा सके • आगन्तुक पुस्तिका का रख रखाव करना • कक्षा का कार्य : मासिक प्रगति रिपोर्ट का प्रपत्र भरना और अनुवर्ती कार्रवाई • प्रत्येक सहभागी को मासिक प्रगति रिपोर्ट का प्रोफार्मा भरने के लिए दिया जाएगा - सहभागी अपने अनुमान के आधार पर आंकड़े भर सकते हैं - मासिक प्रगति रिपोर्ट भरने के बाद कक्षा को पांच समूहों में बांटना - प्रत्येक समूह राज्य सरकार को भेजी जाने वाली त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट का प्रोफार्मा भरेगा • दैनिक गतिविधि रजिस्टर भरने का अभ्यास (प्रत्येक सहभागी अलग-अलग अभ्यास करेगा)
दिन 21	सत्र 4	अप. 2.15-5.00 बजे	आंगनवाड़ी केन्द्र में रिकार्डो और रजिस्टरों का रखरखाव करना	• आंगनवाड़ी केन्द्र के रिकार्ड और रजिस्टर आंगनवाड़ी सर्वेक्षण रजिस्टर, गर्भवती और धात्री माताओं हेतु सेवाओं के लिए रजिस्टर, बच्चों हेतु सेवाओं के लिए रजिस्टर, पूरक पोषाहार और शाला पूर्व शिक्षा हेतु सेवाओं का रजिस्टर, टीकाकरण, लौह तत्व और फोलिक एसिड की गोलियों के लिए रजिस्टर, 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए विटामिन ए अनुपूरक रजिस्टर, बच्चों के टीकाकरण का वार्षिक सारांश (1-2 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए) जन्म तथा मृत्यु रजिस्टर,

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
				आंगनवाड़ी खाद्य स्टॉक रजिस्टर: आंगनवाड़ी में दवाइयों के वितरण का रजिस्टर, अन्य स्टॉक रजिस्टर, महिला मंडल का रजिस्टर, मासिक प्रगति रिपोर्टों का रिकार्ड, आगन्तुक पुस्तिका तथा दैनिक डायरी • रिकार्ड प्रबंधन • कक्षा का कार्य : रिकार्ड और रजिस्टर भरना - आंगनवाड़ी केन्द्र में रखे गए रिकार्ड और रजिस्टर भरने के लिए सहभागियों को 4 समूहों में विभाजित करें - प्रत्येक समूह आंगनवाड़ी में रखे गए चार रजिस्टरों में से प्रत्येक का एक-एक पृष्ठ भरेगा - प्रशिक्षक कालॅम के शीर्षो सहित रजिस्टरों के पृष्ठों की फोटो प्रतियां उपलब्ध कराएंगें • प्रशिक्षक कार्य की जांच करेंगे और जहां कहीं आवश्यकता होगी प्रशिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे ।
दिन 21	सत्र 6	अप. 4.30-5.30 बजे	पर्यवेक्षित अभ्यास के लिए अनुदेश	• पर्यवेक्षित अभ्यास के लिए दिन 22-25 हेतु अनुदेश • प्रशिक्षक पर्यवेक्षित अभ्यास के लिए प्रशिक्षार्थियों को अनुदेश देंगे • आंगनवाड़ी में तैनाती के लिए प्रशिक्षार्थियों को 2-3 के समूहों में बांटा जाएगा • पर्यवेक्षित अभ्यास के लिए प्रशिक्षकों और प्रशिक्षार्थियों का अनुपात 1:6 होगा • पाठ्यक्रम निदेशक पर्यवेक्षित अभ्यास के लिए सहभागियों की संख्या को देखते हुए अन्य संकाय सदस्यों की सहायता प्राप्त कर सकते हैं • प्रशिक्षक सभी प्रशिक्षार्थियों को तीन दिनों की समय योजना दें • इन चार दिनों के लिए आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के लिए प्रशिक्षार्थियों को शालापूर्व शिक्षा सामग्री, चार्ट आदि ले जाने का अनुदेश देना चाहिए ।

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
ज.	पर्यवेक्षित अभ्यास (4 दिन)			
दिन 22				
दिन 22	सत्र 1-3	पूर्वा. 9.00-अप. 1.15 (सहभागी आंगनवाड़ी केन्द्र शुरू होने से पहले वहां पहुंचे)	आंगनवाड़ी केन्द्र में सहायिका के रूप में कार्य करना	• प्रशिक्षार्थी को एक दिन के लिए आंगनवाड़ी केन्द्र की सहायिका की भूमिका और कार्यदायित्व निभाने होंगे • शाला पूर्व शिक्षा/पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सहायता के लिए सहभागियों की 2-3 के समूह में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सहायता के लिए सहभागियों की 2-3 के समूह में आंगनवाड़ी केन्द्र में तैनाती • सहभागी शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों के आयोजन, पूरक पोषाहार तैयार करने (यदि आवश्यक हो तो) और बांटने, बच्चों का वज़न लेने और माताओं से बातचीत करने समेत आंगनवाड़ी केन्द्र की सभी गतिविधियों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सहायता करेंगे
दिन 22	सत्र 4 और 5	अप. 2.15-5.30 बजे	समुदाय में सहायिका के रूप में कार्य करना	• प्रशिक्षार्थी कम से कम 2-3 गृह दौरों और समुदाय में माताओं की बैठक आयोजित करने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ रहना • गृह दौरों के दौरान बच्चों का वज़न लेने और माताओं से बातचीत करने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सहायता करना।

दिन 23 एवं 24

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
दिन 23	सत्र 1-3	पूर्वा. 9.00-1.15 बजे (सहभागियों को आंगनवाड़ी केन्द्र शुरू होने से पहले वहां पहुंचना है)	आंगनवाड़ी केन्द्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्य करना	• प्रशिक्षार्थियों को एक दिन के लिए किसी आंगनवाड़ी केन्द्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की भूमिका और उत्तरदायित्व निभाने होंगे • सहभागियों की 2-3 के समूह में किसी आंगनवाड़ी केन्द्र में तैनाती • आंगनवाड़ी केन्द्र खोलने से पहले उसे व्यवस्थित करना • उस दिन के लिए प्रस्तावित समय योजना इस प्रकार है :-

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
				प्रार्थना और बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता की जांच करना (20 मिनट) - शिक्षण सामग्री की सहायता से मुक्त बातचीत (10 मिनट) - छोटे और बड़े समूहों में संज्ञानात्मक गतिविधियां (20 मिनट) (डोमिनोज़/विभेदीकरण चार्ट/रंगों और छोटे बड़े की अवधारणा - शारीरिक गतिविधियां : कूदने/दौड़ने/उछलने/रस्सी कूदने जैसे बाहरी खेल और अन्य खेल (20 मिनट) (अन्तराल) (10 मिनट) - चित्रकारी और पेंटिंग/क्ले मॉडलिंग/रेत और पानी के खेल/नाटक/नाच/कठपुतली का खेल/गुड़िया का खेल/विज्ञान संबंधी गतिविधि (20 मिनट) - बड़े समूहों में भाषा संबंधी गतिविधियां (कविताएं/अभिनय गीत/वर्णक्रम, संख्या और चित्र/चार्ट पढ़ना/कहानी सुनाना) (20 मिनट) - वृद्धि की मॉनीटरिंग (4/5 बच्चे) (20 मिनट) • बच्चों, गर्भवती और धात्री माताओं को पूरक पोषाहार बांटना (30 मिनट) • बाल्यावस्था की आम बीमारियों का इलाज (20 मिनट) • बच्चों को घर भेजना (10 मिनट) • आंगनवाड़ी केन्द्र के रिकार्ड और रजिस्टर भरना • मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रपत्र भरना • निम्नलिखित गतिविधियों के लिए योजना बनाना : - दो परिवारों का सर्वेक्षण करना - दो-तीन गृह दौरे करना

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
				- कुपोषित बच्चों/गर्भवती महिलाओं/बीमार बच्चों के परिवारों का दौरा करना - दोपहर में माताओं की बैठक • प्रशिक्षार्थियों को पैक किया हुआ भोजन देना
	सत्र 4-5	अप. 2.15 -5.30 बजे	समुदाय में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्य करना	• समुदाय में सर्वेक्षण आयोजित करना (2-3 परिवार) (30 मिनट) • गृह दौरे आयोजित करना (2-3 परिवार) (30 मिनट) • माताओं की बैठकें आयोजित करना (60 मिनट) • प्रशिक्षण संस्थान के लिए प्रस्थान • प्रतिप्राप्ति और कक्षा में विचार विमर्श • प्रशिक्षक 2-3 दिन के लिए अनुदेश देंगे

दिन 25

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
दिन 25	सत्र 1-3	पूर्वा. 9.15-1.15 बजे	आंगनवाड़ी केन्द्र में सुपरवाइजर के रूप में कार्य करना	• दो-दो के समूह में प्रशिक्षार्थी एक दिन के लिए सुपरवाइजर की भूमिका और उत्तरदायित्व निभाएंगे - आंगनवाड़ी केन्द्र के स्थान, जगह और स्वच्छता की ओर ध्यान देना - आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों को सुपरवाइज करना और इन्हें मार्गदर्शन देना - 3-4 बच्चों की वृद्धि मानीटर करना - वज़न लेना और उसे दर्ज करना और वृद्धि की वक्र रेखा की व्याख्या करना - माताओं को परामर्श देना - पूरक पोषण का वितरण और मार्गदर्शन देना
दिन 25	सत्र 1-3	अप. 1.15 - 2.15 बजे	भोजन	• आंगनवाड़ी केन्द्र में उपलब्ध खाद्य सामग्री के स्टाक की स्थिति, इसके भंडारण और

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
				स्वच्छता की जांच करना ● रिकार्डो तथा रजिस्टरों और मासिक प्रगति रिपोर्ट भरने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का अवलोकन और मार्गदर्शन करना ● आंगनवाड़ी केन्द्र द्वारा रखे गए रिकार्डो और रजिस्टरों की जांच करना ● (प्रशिक्षार्थियों को पैक किया हुआ भोजन दिया जाएगा ।)
दिन 25	सत्र 4-5	अप. 2.15 -5.30 बजे	सी.डी.पी.ओ. के कार्यालय में सुपरवाइजर के रूप में कार्य करना	● प्रशिक्षार्थी एक दिन के लिए सीडीपीओ के कार्यालय में सुपरवाइजर की भूमिका और दायित्व निभाएंगे ● प्रशिक्षार्थियों को 3-4 के समूह में सीडीपीओ के कार्यालय में तैनात किया जाएगा ● बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के सामान्य कार्य संचालन और क्षेत्र में उसकी जिम्मेदारी के बारे में विचार विमर्श करेगा ● प्रशिक्षार्थी सीडीपीओ कार्यालय में रखे रिकार्डो और रजिस्टरों और उनकी प्रबंधन प्रणाली का अवलोकन करेंगे ● सहभागी सीडीपीओ कार्यालय में रिकार्डो तथा रजिस्टरों की सूची बनाएंगे । ● प्रशिक्षार्थियों को निम्नलिखित कार्य करने होंगे: - प्राप्त पत्र पर कार्रवाई करना और जवाब देना - सीडीपीओ कार्यालय के लिए फर्नीचर की खरीद हेतु निविदा आंमत्रित करना - आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए खाद्य पदार्थ दवाओं और शालापूर्व शिक्षा सामग्री की आपूर्ति की व्यवस्था करना - परियोजना के लिए बजट बनाना - राज्य सरकार को भेजने के लिए मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करना - मंडल की बैठक के आयोजन और मासिक प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा करने में

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
				सीडीपीओ की सहायता करना - प्रशिक्षक संस्थान के लिए प्रस्थान - प्रतिप्राप्ति और कक्षा के साथ विचार विमर्श

झ. मूल्यांकन और समापन (एक दिन)

दिन 26

दिन 26	सत्र 1	पूर्वा. 9.15 -11.15 बजे	राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे	• गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर विचार विमर्श करना • पर्यावरण सुरक्षा - पर्यावरण की सुरक्षा की जरूरत और इसका महत्व - प्रदूषण और प्रदूषण के स्रोत - पर्यावरण में सुधार लाने के तरीके - पर्यावरण स्वच्छ और स्वस्थ रखने में समुदाय की भूमिका • गरीबी उपशमन - गरीबी और गरीबी की रेखा को परिभाषित करना - समुदाय के समाजार्थिक स्तर में सुधार लाने के लिए कार्यक्रम - राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सद्भाव - राष्ट्रीय एकता की परिभाषा और इसकी जरूरत - साम्प्रदायिक सद्भाव और एकता के लिए पूर्वापेक्षा - साम्प्रदायिक एकता बनाए रखने में बाल विकास परियोजना अधिकारियों की भूमिका

दिन	सत्र	समय	विषय	प्रशिक्षण की विषय वस्तु
दिन 26	सत्र 2 और 3	पूर्वा. 11.15 - 1.15 बजे	प्रशिक्षार्थियों का मूल्यांकन	● प्रशिक्षार्थियों का मूल्यांकन ● दो घंटे की परीक्षा आयोजित करना - पाठ्यक्रम निदेशक को परीक्षा का प्रश्न पत्र पहले ही तैयार कर लेना चाहिए - प्रश्न पत्र में विषयपटक प्रकार के प्रश्न हों और उनके कई उत्तर दिए गए हों तथा छोटे प्रश्नों के छोटे उत्तर होने चाहिएं । - प्रश्न पत्र में सभी घटकों से प्रश्न लिए होने चाहिएं । - भारत सरकार द्वारा दिए गए मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार ग्रेडिंग प्रणाली अपनाई जानी चाहिए अर्थात् 70 और इससे अधिक अंक - ए ग्रेड, 60-70 अंक - बी ग्रेड, 50-60 अंक- सी ग्रेड, 40-50 अंक - डी ग्रेड । - प्रशिक्षकों को प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्राप्त किए ग्रेडों का ब्योरा कार्य प्रशिक्षण समाप्त होने के एक सप्ताह के भीतर संबद्ध राज्य सरकारों को भेज देना चाहिए ।
दिन 26	सत्र 4	अप. 2.15 -4.00 बजे	प्रतिप्राप्ति और सीखने संबंधी कमियां दूर करना	● प्रतिप्राप्ति ● सीखने संबंधी कमियां दूर करना
दिन 26	सत्र 5	अप. 4.00-5.30 बजे	समापन सत्र	● समापन सत्र ● यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते का वितरण

राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान
5 सिरी इन्स्टीट्यूशनल एरिया, हौज़खास, नई दिल्ली.110 016